सं.10(3)/2018-समन्वय

भारत सरकार

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

भारी उद्योग विभाग

***

उद्योग भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 20 सितम्बर, 2018

01 अक्टूबर, 2018

**विषय: अगस्त, 2018 के लिए भारी उद्योग विभाग और लोक उद्यम विभाग (डीपीई) का मासिक सार।**

अधोहस्ताक्षरी को अगस्त, 2018 के लिए भारी उद्योग विभाग (डीएचआई) और लोक उद्यम विभाग (डीपीई) से संबंधित मासिक सार के अवर्गीकृत भाग की एक प्रति इसके साथ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

दिनेश पाल सिंह

(दिनेश पाल सिंह)

अवर सचिव, भारत सरकार

फोन: 20361045

सेवा में

1. मंत्री परिषद के सभी सदस्य।
2. उप सभापति, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली
3. नीति आयोग, योजना भवन (10 अतिरिक्त प्रतियों सहित)
4. प्रधान सूचना अधिकारी, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली

प्रतिलिपि प्रेषित:-

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/ विभागों के सचिव।
2. अध्यक्ष, यूपीएससी, शाहजहां रोड, नई दिल्ली -110069
3. भारत के राष्ट्रपति (राष्ट्रपति के सचिव) के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली -110004
4. भारत के उप-राष्ट्रपति (उप-राष्ट्रपति के सचिव) के सचिव, मौलाना आजाद रोड़, नई दिल्ली -110011
5. भारत के प्रधान मंत्री के निजी सचिव, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली -110011
6. निदेशक मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
7. निदेशक, अंतर-राज्य परिषद्, एमआईआईए, विज्ञान भवन एनेक्सी, नई दिल्ली -110011
8. सचिवों के प्रधान स्टॉफ अधिकारी (सी और पीसी)

A. **DEPARTMENT OF HEAVY INDUSTRY:**

1. Swachhta Pakhwada (16-31st August, 2018) was observed by the Department of Heavy Industry and all its CPSEs and autonomous organisations. In preparation, Secretary, DHI held a VC with all CMDs/CEOs of organisations under DHI to underline the importance of Swachhta and also flag some common themes. A Swachhta pledge was also administered to DHI staff on 16th Aug 2018.
2. During Swachhta Pakhwada, Hon'ble Minister (HI&PE) inaugurated, two 15 kW (DC001) Charger for electric vehicles, at Udyog Bhawan, New Delhi on 28th August, 2018. These chargers were funded by DHI and installed by Bharat Heavy Electricals Limited (BHEL).
3. During Swachhata Pakhwara, BHEL has renovated the existing RCC drain in Sector-17, Noida & built a modern Public Utility Complex for the benefit of the general public through its CSR fund.
4. EFC met on 1st and 24th August 2018 under the Chairmanship of Secretary Expenditure for consideration of the scheme for promotion of Electric Mobility (FAME). The scheme primarily focuses on public transport and shared mobility with incentive based on the power of the advanced battery. After detailed discussions the EFC appraised the scheme and recommended the same with an outlay of Rs 5500 crore, including a committed liability of Rs 511 crore from the first phase of the scheme.
5. Principal Scientific Advisor to GOI chaired the Oversight Meeting of Advanced Ultra Super Critical (AUSC) Project at HEPP BHEL, Haridwar on 11th Aug 2018 to review the progress of AUSC project being undertaken jointly by DHI, DST, BHEL, NTPC and IGCAR. The Oversight Committee expressed satisfaction about the physical progress of the project.
6. Cabinet Note for seeking approval of revised cost estimate for Revival and Mill Development Plan (RMDP) and disinvestment of NEPA Ltd, was sent to Cabinet Secretariat.
7. Cabinet Note for revival plan of Hindustan Paper Corporation Ltd. (HPC) is under submission. Insolvency and Bankruptcy Code (IBC) proceedings are also underway for HPC, which has Hindustan Newsprint Ltd (HNL), Nagaland Pulp & Paper Corporation (NPPC) & Jagdishpur Paper Mills Ltd (JPML) as subsidiaries. Committee of Creditors (COC) in their meeting held this month indicated that in case no response is received in respect of revival plan of HPC from GoI, they

would go ahead and issue the Expression of Interest (EOI), and thereafter the process will be governed by IBC 2016. Further, HNL is under disinvestment and NPCC and JPML are under closure. Ministry of Corporate Affairs has now opined that in view of insolvency proceedings against HPC, the disinvestment and closure process of subsidiaries would be impacted.

8. CMD, BHEL, Shri Atul Sobti, represented BHEL at the Global Customer Summit of General Electric (GE), at Croton Ville, USA along with world energy leaders. Some of the important areas identified for cooperation between the two companies are nuclear power projects, gas turbines and generators, joint R&D projects and defence.
9. Public Procurement (Make in India) order 2017 for Textile Machinery Sub Sector of Capital Goods Sector was issued on 10th Aug 2018.
10. A concept note on a scheme for "Facilitating Development and Manufacturing of Textile Machinery and its accessories" was sent to the Department of Expenditure on 17th August 2018 for in-principle approval.
11. The next phase of DHI-UNIDO-ACMA (Auto Component Manufacturers Association) partnership programme was approved for Rs. 28 Crores out of Development Council for Automotive & Allied Industries funds. The programme has been reoriented to provide greater benefit to domestic component industry based on recommendations of external expert review.
12. During the month, BHEL got the order booking of around Rs. 660 Crores which includes 20 sets of 25 kV Insulated Gate Bipolar Transistor (IGBT) based 3 phase propulsion system for Electrical Multiple Unit (EMU) from Integrated Coach Factory, Chennai.
13. BHEL has signed the contract for 4×225 MW Arun-3 HEP, one of the Largest Power Project of Nepal, with 'SJVN Arun-3 Power Development Company' (SAPDC) on 14 August, 2018 for a value of Rs. 536 Crores.
14. BHEL has won the Public Sector Enterprise (PSE) Excellence Award Runner-up Trophy for (a) Human Resource Management Excellence, (b) CSR & Sustainability and (c) R&D, Technology Development and Innovation in the category of Navratna & Maharatna CPSEs.
15. BHEL won the CSR Times Award for Agriculture Technology Intervention for Socio Economic Development of farmers.

***

## B. DEPARTMENT OF PUBLIC ENTERPRISES:

1. The Swachhta Pakhwada -2018 was observed in the Department from 16th to 31st August, 2018. During the period, the cleanliness of premises and surroundings was undertaken, slogan, essay writing and drawing competitions were held among the employees and their wards. Besides, a park inside the CGO Complex was adopted for its beautification. As per mandate given by M/o DW&S, all CPSEs were requested to observe Swachhta Pakhwada during this period.
2. A Note for Appointments Committee of the Cabinet (ACC) on the issue of number of Government Directors on the Boards of CPSEs was finalized after inter-ministerial consultants and sent for ACC approval to DoPT.
3. DPE organized a Capacity Building workshop with 100 representatives of CPSEs/ Administrative Ministries on 23.08.2018 at Thanjavur. Thanjavur was selected in response to PM's call to hold Board meetings at new tourist places.
4. In line with Govt's priority to develop paper less offices, DPE organized two Virtual Interactive Workshops with CPSEs to guide them on the online MoU system. These workshops were held on 14th & 21st August 2018 at DPE and were attended by 117 representatives from CPSEs.
5. The broad guidelines on criteria for designating townships/residential colonies of CPSEs as 'Mini Smart Cities' were finalized after consultations with Ministry of Housing & Urban Affairs (nodal Ministry for Smart Cities Mission) and communicated to administrative Ministries/CPSEs for further action.
6. All administrative Ministries/Departments were requested to review the Roadmaps/Action Plans of CPSEs under their respective administrative jurisdiction and ensure that these focus on increasing the revenue of Government from dividends and disinvestments.
7. DPE has submitted monthly information for CAPEX of select CPSEs to PMO on 8th August, 2018.
8. The following arbitration awards have been made by Sole Arbitrator of erstwhile PMA during the month of August, 2018:-

ix. Dispute between M/s National Projects Construction Corporation Ltd (NPCC) and M/S National Aluminium Company Ltd (NALCO) relating to Construction of 'D' Type Quarters, GET Hostel & Extension of Primary School for Township Expansion at NALCO, Angul.

x. Dispute between M/s Telecommunication Consultants India Ltd (TCIL) and M/s Bharat Sanchar Nigam Ltd (BSNL) relating to provision of Optical Fibre Cable Systems in the specified area, Shillong of N.E. Telecom Circle.

9. In pursuance of the Cabinet decision dated 06.06.2018 regarding review of status of closure of sick/loss making CPSEs by the administrative Ministries/Departments and thereafter, finalization of a consolidated note by DPE for its consideration, DPE has collected the requisite details from concerned administrative Ministries/ Departments in this regard and is in the process of collating the inputs received and preparation of the Cabinet Note.

***

## (A) भारी उद्योग विभाग (डीएचआई):

1. भारी उद्योग विभाग और इसके सभी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्रों के उद्यमों तथा स्वायत्त संस्थानों में स्वच्छता पखवाड़ा (दिनांक 16-31 अगस्त, 2018) मनाया गया। इस आयोजन में सचिव, भारी उद्योग विभाग ने भारी उद्योग विभाग के अधीन सभी अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशकों (सीएमडी)/मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ एक विडियो कांफ्रेंस की जिसमें उन्होंने स्वच्छता के महत्व पर बल दिया तथा कुछ सामान्य प्रसंगों को भी चिन्हित किया। दिनांक 16 अगस्त, 2018 को भारी उद्योग विभाग के कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई।
2. स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान माननीय मंत्री (भारी उद्योग और लोक उद्यम) ने दिनांक 28 अगस्त, 2018 को उद्योग भवन, नई दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 15 किलोवाट (डीसी001) के दो चार्जरों का उद्घाटन किया। भारी उद्योग विभाग द्वारा इन चार्जरों का निधियन किया गया और भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) द्वारा इनकी स्थापना की गई।
3. स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान, बीएचईएल नेसेक्टर-17, नोएडा में मौजूदा आरसीसी ड्रेन का नवीनीकरण कियाऔर अपनी सीएसआर निधि से आम जनता की सुविधा के लिए एक आधुनिक जन सुविधा परिसर का भी निर्माण किया है।
4. इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (फेम) कोबढ़ावा देने वाली योजना पर विचार करने हेतुदिनांक 01 अगस्त और 24 अगस्त, 2018 कोसचिव, व्यय की अध्यक्षता में ईएफसी ने बैठक की। यह योजना उन्न्त बैटरी की पावर पर आधारित प्रोत्साहन के साथमुख्यतः सार्वजनिक परिवहन और साझा मोबिलिटी पर केंद्रित है। विस्तृत चर्चा के बाद ईएफसी ने योजना का आकलन किया और योजना के प्रथम चरण से ₹511 करोड़ की प्रतिबद्ध देयता समेत ₹5500करोड़ के परिव्यय के साथ इसकी सिफारिश की।
5. डीएचआई, डीएसटी, बीएचईएल, एमटीपीसी और आईजीसीएआर द्वारा संयुक्त रूप से आरंभ की जा रही एयूएससी परियोजना की प्रगति की समीक्षा करने हेतु भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार ने दिनांक 11 अगस्त, 2018 को एचईपीपी, बीएचईएल हरिद्वार में उन्नत अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल (एयूएससी) परियोजना की निरीक्षण बैठक की अध्यक्षता की। निरीक्षण समिति ने परियोजना की वास्तविक प्रगति के बारे में संतोष व्यक्त किया।
6. पुनरुद्धार और मिल विकास योजना (आरएमडीपी) के लिए संशोधित लागत अनुमान और नेपा लिमिटेड के विनिवेश हेतु अनुमोदन प्राप्त करने के लिए मंत्रिमंडल सचिवालय को मंत्रिमंडल टिप्पणी भेजी गई है।
7. हिंदुस्तान पेपर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसी) के पुनरुद्धार योजना हेतु मंत्रिमंडल टिप्पणी भेजी जा रही है। एचपीसी के लिए दिवालियापन और बैंकरप्सी कोड (आईबीसी) की कार्रवाई भी की जा रही है, जिसकी हिंदुस्तान न्यूजप्रिंट लिमिटेड (एचएनएल), नागालैंड पल्प एवं पेपर कॉर्पोरेशन (एनपीपीसी) और जगदीशपुर पेपर मिल्स लिमिटेड (जीपीएम) सहायक कंपनियां हैं। इस महीने आयोजित अपनी बैठकों में लेनदारों की समिति (सीओसी) ने सूचित किया गया कि यदि भारत सरकार से एचपीसी की पुनरुद्धार योजना के संबंध में कोई जवाब नहीं मिलता है तो वे कार्रवाई करेंगे और रूचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) जारी करेंगे और फिर यह प्रक्रिया आईबीसी 2016 द्वारा शासित की जाएगी। इसके अलावा, एचएनएल का विनिवेश किया जा रहा है तथा एनपीसीसी और जेपीएमएल को बंद किया जा रहा है। कार्पोरेट कार्य मंत्रालय का मत है कि एचपीसी के विरूद्ध दिवालियापन की प्रक्रिया की दृष्टि से, सहायक कंपनियों के विनिवेश और बंदीकरण की प्रक्रिया प्रभावित होगी।
8. सीएमडी, बीएचईएल, श्री अतुल सोबती ने क्रोटोन विले, यूएसए में ग्लोबल समिट ऑफ जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) में विश्व की ऊर्जा कंपनियों के साथ बीएचईएल का प्रतिनिधित्व किया। दोनों कंपनियों के बीच सहयोग के लिए नाभिकीय ऊर्जा परियोजना, गैस टरबाइन और जनरेटर्स, संयुक्त आरएंडडी परियोजना एवं रक्षा जैसे कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्रों कीपहचान की गई।
9. कैपिटल गुड्स सेक्टर के टैक्सटाइल मशीनरी उपक्षेत्र के लिए 10 अगस्त, 2018 को सार्वजनिक खरीद (मेक इन इंडिया) आदेश 2017 जारी किया गया।

11. ऑटोमोटिव और संबंद्ध उद्योग विकास परिषद निधि मे से ₹28 करोड़ के लिएडीएचआई-यूएनआईडीओ-एसीएमए (ऑटो कलपुर्जा विनिर्माता संघ) भागीदारी कार्यक्रम का अगला चरण अनुमोदित किया गया है। बाहरी विशेषज्ञ समीक्षा की सिफारिशों के आधार पर घरेलू कलपुर्जा उद्योग को अधिक लाभ प्रदान करने के लिए इस कार्यक्रम को पुनः आरंभ किया गया है।

12. माह के दौरान बीएचईएल ने लगभग ₹660 करोड़ के बुकिंग आर्डर प्राप्त किए हैं, जिसमें इंटिग्रेटर कोच फैक्टरी, चेन्नई से इलेक्ट्रिकल मल्टीपल यूनिट (ईएमयू) के लिए 3 फेस प्रोपल्सन प्रणाली पर आधारित 25 केवी के इंसुलेटेड गेट बाइपोलर ट्रांजिस्टर (आईडजीबीटी) के 20 सेट भी शामिल है।

13. बीएचईल ने ₹536 करोड़ हेतु दिनांक 14 अगस्त, 2018 को"एसजेवीएन अरूण-3 पावर डवलपमेंट कंपनी" (एसएपीडीसी) के साथ नेपाल के सबसे बड़े पावर प्रोजेक्ट में से एक 4X225 मेगावाट के अरूण-3 एचईपी के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

14. बीएचईएल ने नवरत्न एवं महारत्न सीपीएसईज कीश्रेणी में (क) मानव संसाधन प्रबंधन उतकृष्टता, (ख) सीएसआर और सततता, (ग) अनुसंधान एवं विकास, प्रौद्योगिकी विकास एवं नवीनीकरण के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (पीएसई) उत्कृष्टता पुरस्कार उप-विजेता ट्राफी जीती है।

15. बीएचईएल ने किसानों के सामाजिक आर्थिक विकास हेतु कृषि प्रौद्योगिकी हस्तक्षेप के लिए सीएसआर टाइम्स पुरस्कार जीता।

***

**(B) लोक उद्यम विभाग (डीपीई):**

1. विभाग में दिनांक 16 से 31 अगस्त, 2008 तक स्वच्छता पखवाड़ा -2018 मनाया गया था इस अवधि के दौरान परिसर और इसके चारों ओर सफाई की गई थी और कर्मचारियों एवं उनके बच्चों के लिए स्लोगन, निबंध और चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं इसके साथ-साथ सीजीओ कॉम्प्लैक्स के अन्दर एक उद्यान को सुन्दर बनाने के उद्देश्य से इसे अपनाया गया था। पेय जल एवं स्वच्छता मंत्रालय द्वारा दिए गए अधिदेश के अनुसार सभी केन्द्रीय सरकारी लोक उद्यमों(सीपीएसईज़) को इस दौरान स्वच्छता पखवाड़ा मनाने का अनुरोध किया गया था।
2. सीपीएसईज़ के निदेशक मण्डलों में सरकारी निदेशकों की संख्या के मामले के संबंध में मंत्रिमण्डलीय नियुक्ति समिति (एसीसी) के लिए एक टिप्पणी को अंतर-मंत्रालयी विचार विमर्श के बाद अंतिम रुप दिया गया था और इसे एसीसी के अनुमोदन हेतु कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को भेजा गया था।
3. डीपीई ने दिनांक 23.08.2018 को थंजावर में एक क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित की थी जिसमें सीपीएसईज़/प्रशासनिक मंत्रालयों के 100 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। प्रधान मंत्री के आह्वान कि नए पर्यटन स्थलों में बोर्ड बैठकें की जाएं, के प्रत्युत्तर में थंजावर का चयन किया गया था।
4. कागज रहित कार्यालय बनाने में सरकार की प्राथमिकता के अनुसार डीपीई ने ऑनलाईन एमओयू प्रणाली पर उनके मार्ग दर्शन हेतु सीपीएसईज़ के साथ दो वर्चयुल इंटरएक्टिव कार्यशालाएं आयोजित कीं। यह कार्यशालाएं 14 और 21 अगस्त, 2018 को डीपीई में आयोजित की गईं थीं और इसमें सीपीएसई से 117 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था।
5. सीपीएसईज़ की टाऊनशिप्स/आवासीय कालोनियों को 'मिनी स्मार्ट सिटीज़' में विकसित करने के मानदण्डों पर व्यापक दिशानिर्देशों को, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय (स्मार्ट सिटीज़ मिशन हेतु नोडल मंत्रालय) के साथ विचार विमर्श करके अंतिम रूप दिया गया और उसे आगे की कार्रवाई हेतु प्रशासनिक मंत्रालय/सीपीएसईज़ को संप्रेषित किया गया।
6. सभी प्रशासनिक मंत्रालयों/विभागों को यह अनुरोध किया गया था कि वे अपने संबंधित प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सीपीएसईज़ के रोडमैपों/कार्रवाई योजनाओं की समीक्षा करें और ये सुनिश्चित करें कि इनका फोकस लाभांशों और विनिवेश से सरकार के राजस्व को बढ़ाने पर हो।
7. डीपीई ने चयनित सीपीएसईज़ की कैपक्स की मासिक सूचना प्रधान मंत्री कार्यालय में 8 अगस्त, 2018 को प्रस्तुत की है।
8. पूर्ववर्ती पीएमए के एकमात्र मध्यस्थ (सोल आरबीट्रेटर) द्वारा अगस्त, 2018 माह के दौरान निम्नलिखित मध्यस्थता संबंधी अवार्ड दिए गए :
   (i) मैसर्स नेशनल प्रोजेक्टस कंस्ट्रक्शन कारपोरेशन लि. (एनपीसीसी) और मैसर्स नेशनल एल्यूमीनियम कम्पनी लि. (नालको) के बीच 'डी' टाईप आवासों के निर्माण, जीईटी हास्टल और नालको, अंगुल में टाउनशिप विकास हेतु प्राथमिक विद्यालय के विस्तार संबंधी विवाद।
   (ii) मैसर्स टेलिकम्यूनिकेशन कंसलटेंट्स इंडिया लि. (टीसीआईएल) और मैसर्स भारत संचार निगम लि. (बीएसएनएल) के बीच पूर्वोत्तर टेलिकॉम सर्कल के विशिष्ट क्षेत्र, शिलॉग में ऑप्टीकल फाईबर केबल सिस्टम की व्यवस्था कराने संबंधी विवाद।
9. प्रशासनिक मंत्रालयों/विभागों द्वारा रुग्ण/घाटा उठा रहे सीपीएसईज़ को बन्द करने की स्थिति की समीक्षा संबंधी दिनांक 06.06.2018 के मंत्रिमण्डल निर्णय के अनुसरण में और इसके बाद उनके विचार हेतु डीपीई द्वारा एक समेकित नोट को अंतिम रुप देने के लिए डीपीई ने इस संबंध में संबंधित प्रशासनिक मंत्रालयों/विभागों से आवश्यक ब्यौरे एकत्र कर लिए हैं और प्राप्त सूचनाओं का विश्लेषण करने और मंत्रिमण्डल टिप्पणी तैयार करने की प्रक्रिया चल रही है।

***